## बिहार सरकार
## पंचायती राज विभाग

**मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण गली–नाली पक्कीकरण निश्चय योजना अन्तर्गत राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई (State Project Management Unit) एवं जिला परियोजना प्रबंधन इकाई (District Project Management Unit) के गठन हेतु तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर 02 (दो) वर्षों के लिए संविदा आधारित नियोजन के लिए विज्ञापनः–**

---

राज्य सरकार के सात निश्चय योजना अंतर्गत ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना एवं ग्रामीण गली–नाली पक्कीकरण निश्चय योजना के सुचारू एवं सफल प्रबंधन हेतु प्रधान सचिव/सचिव पंचायती राज विभाग के अधीन राज्य स्तर पर गठित क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण कोषांग को तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए राज्य स्तरीय परियोजना प्रबंधन इकाई (SPMU) एवं प्रत्येक जिला स्तर पर जिला पदाधिकारी के अधीन एक जिला परियोजना प्रबंधन इकाई (DPMU) गठित करने हेतु तकनीकी एवं गैर तकनीकी पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति करने का निर्णय लिया गया है।

02. संविदा आधारित राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई हेतु पदों की संख्या, कार्य, योग्यता एवं अनुभव तथा मानदेय एवं अन्य शर्त निम्नवत् है :–

| SI No | Type of Posts | Role | Qualification & Experience | No. of Post | Fixed Pay (Per Month in Rupeess) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Finance and Accounts Specialist | Responsible for all Finance and Accounts with PFMS Fund Management, Monitoring of Account Payble & Account receivable with all Print Payment Advice (PPA/advances movement, Month End Process (MEP), Stautory Compliances, Implementation of Internal Controls, Budgeting and Planning, SWOT analysis, MIS Reports. | (a) CA/MBA finance (full time) or eqivalent (b) Minimum 6 years of post qualification working experience. | 1 | 80,000.00 |
| 2 | Co-ordination and Convergence Specialist | To co-ordinate Activities of different verticals, identify and offer unity to leverage | Master's degree in engineering/management/ social sciences. (b) Minimum 6 years | 1 | 80,000.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | cross-project strengths to take advantage of new opportunies; Support, build and maintain strong relationships with key internal and external stakeholders and development partners. | post qualification experience . | | |
| 3 | Media Specialist | To oversee and manage content on social media platform, website's social media optimization and search engine optimization. Content Management of advertisement and media campaign. | (a) Master's degree in Mass Communication/ Journalism/Public Relations.<br>(b) At least 6 years of Post qualification experience. | 1 | 80,000.00 |
| 4 | MIS Specialist | To contribute to the development and maintenance of a centralized MIS system and dashboards in order to track the performance of various Departmental schemes and programs and monitor adherence to defined standards and conceptualization and activity of report, data analysis procedures . | (a) Masters degree in Statistics/ Mathematics/Engineering/Computer Application<br>(b) Post-qualification experience Minimum 6 years | 1 | 80,000.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Technical Specialist | The Primary responsibility is to monitor the work of implementation partners and generating reports working hands on with the consulting firms and other stake holders. Technical consultation with respect to design and site management. | (a) Master's dergee in Civil Engineering. (b) Post-qualification experience Minimum 6 years | 1 | 80,000.00 |
| 6 | IT Specialist | Overall Managerial and IT Functions of the IT Wing, website hosting management, data base management and maintenance backup and recovery, user acceptance testing. | (a) Full time Master's degree in computer /IT from recognized institutions. (AICTE approved ). (b) Post Qualification Experience: Minimum 6 years. | 1 | 80,000.00 |

03. जिला परियोजना प्रबंधन इकाई हेतु निम्नलिखित पदों एवं शर्तों पर संविदा आधारित नियोजन किया जायेगा :–

| Sl No | Type of Requirement | Role | Qualification & Experience | No. of Post | Fixed Pay (Per Month in Rupeess) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Finance and Accounts Expert | Responsible for all Finance and Accounts with PFMS Fund Management, Monitoring of Account Payble & Account receivable with all Print Payment Advice (PPA/advances movement, Month End Process (MEP), Stautory Compliances, Implementation of Internal Controls, Budgeting and Planning, SWOT | (a) CA/MBA finance (full time) or eqivalent (b) Minimum 3 years of post qualification working experience. | Total-38<br>Cat. Male Female<br>UR - 9 - 5<br>EBC - 5 - 2<br>SC - 4 - 2<br>BC - 3 - 2<br>ST - 1 - 00<br>WBC - 0 - 1<br>EWS - 03 - 01<br>Total - 25 - 13 | 60,000.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | analysis, MIS Reports. | | | |
| 2 | Co-ordination Expert | To co-ordinate Activities of different verticals, identify and offer unity to leverage cross-project strengths to take advantage of new opportunies; Support, build and maintain strong relationships with key internal and external stakeholders and development partners. | Master's degree in engineering/management/ social sciences.<br>(b) Minimum 3 years post qualification experience . | Total-38<br>Cat. Male Female<br>UR - 9 - 5<br>EBC - 5 - 2<br>SC - 4 - 2<br>BC - 3 - 2<br>ST - 1 - 00<br>WBC - 0 - 1<br>EWS - 03 - 01<br>Total - 25 - 13 | 60,000.00 |
| 3 | Training (IEC) Expert | To design strategic plan and roadmap for engaging with community, creating awareness about vocational training among target youths and documenting success stories, in conjunction with relevant stakeholders in the Department and related functionaries of the district. | (i) Bachelor's degree or higher (full time) in Mass Communications /Journalism/ Information & Media Studies/ Public Relation.<br>(ii) At least 3 years of experience in planning and implementing IEC strategies and programs/public relations/ strengthening capacity of institutions to design/develop IEC/ mass communication programs. | Total-38<br>Cat. Male Female<br>UR - 9 - 5<br>EBC - 5 - 2<br>SC - 4 - 2<br>BC - 3 - 2<br>ST - 1 - 00<br>WBC - 0 - 1<br>EWS - 03 - 01<br>Total - 25 - 13 | 60,000.00 |
| 4 | Monitoring and Evaluation Expert | To integrate progress (physical & financial), processes and results monitoring according to agreed procedures | (i) B.E. Civil/B.E Mechanical/ B.Arch (Preferably MBA/M-Tech or equivalent)<br>(ii) Post Qualification Experience minium 3 years experience in project management, organization/ consultancy. | Total-38<br>Cat. Male Female<br>UR - 9 - 5<br>EBC - 5 - 2<br>SC - 4 - 2<br>BC - 3 - 2<br>ST - 1 - 00<br>WBC - 0 - 1<br>EWS - 03 - 01<br>Total - 25 - 13 | 60,000.00 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Technical Expert | To develop test plan, test cases and test scripts for projects- 7 Nischay, among other assigned duties. | (i) B.E. Civil/ B.E. Mechanical/B.E. Chemical/ B. Arch<br>(ii) Post Qualification Experience minimum 3 years experience in project management, organization/ Consultancy. | Total-38<br>Cat. Male Female<br>UR - 9 - 5<br>EBC - 5 - 2<br>SC - 4 - 2<br>BC - 3 - 2<br>ST - 1 - 00<br>WBC - 0 - 1<br>EWS - 03 - 01<br>Total - 25 - 13 | 60,000.00 |
| 6 | IT Expert | Overall Managerial and IT Functions of the IT Wing, website hosting management, data base management and maintenance backup and recovery, user acceptance testing. | (a) Full time Master's degree in computer /IT from recognized institutions. (AICTE approved ).<br>(b) Post Qualification Experience: Minimum 3 years. | Total-38<br>Cat. Male Female<br>UR - 9 - 5<br>EBC - 5 - 2<br>SC - 4 - 2<br>BC - 3 - 2<br>ST - 1 - 00<br>WBC - 0 - 1<br>EWS - 03 - 01<br>Total - 25 - 13 | 60,000.00 |

**04.** राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई पंचायती राज विभाग के पूर्ण नियंत्रण एवं जिला परियोजना प्रबंधन इकाई संबंधित जिला पदाधिकारी के पूर्ण नियंत्रण के अधीन कार्य करेंगी।

**05.** संविदा पर नियोजन हेतु पात्रता :–

**(C)** आवेदक भारत का नागरिक हो।

**(D)** उम्र सीमा– विज्ञापन की तिथि को सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना द्वारा सेवाओं में नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रावधान के अनुरूप न्यूनतम् 21 वर्ष होगी।

**06.** उम्र सीमा का निर्धारण विभागीय संकल्प सं0–4864 दिनांक 05.09.2018 के आलोक में, सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प सं0–1735 दिनांक 22.06.2006 के अनुसार दोनों परियोजना प्रबंधन इकाईयों के लिए अधिकतम उम्र निम्नवत् लागू होगी :–

**(E)** अनारक्षित वर्ग (पुरूष) – 37 वर्ष

**(F)** पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (पुरूष एवं महिला) – 40 वर्ष

**(G)** अनारक्षित वर्ग (महिला) – 40 वर्ष

**(H)** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) – 42 वर्ष

**07.** आवेदन की प्रक्रिया :–

**(E)** सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया का प्रबंधन पंचायती राज विभाग द्वारा किया जायेगा।

**(F)** यदि कोई अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए अर्हता रखते हों तो एक से अधिक उपर्युक्त पदों पर अलग–अलग आवेदन कर सकते हैं।

पंचायती राज विभाग के उपलब्ध लिंक वेबसाईट http://fts.bih.nic.in/PRDPMU/ पर दिनांक–30.06.2019 के अपराह्न 5:00 बजे तक ऑनलाइन आवेदन की जा सकेगी। राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई तथा जिला परियोजना प्रबंधन इकाई से संबंधित पदों की संख्या/आरक्षण कोटिवार रिक्ति का विवरण पंचायती राज विभाग के इस वेबसाईट

http://fts.bih.nic.in/PRDPMU/ पर प्रदर्शित है। जिला प्रबंधन इकाई के पदों पर सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार दिव्यांगों को क्षैतिज आरक्षण अनुमान्य है।

08. Online आवेदन समर्पित करने के उपरान्त इसमें त्रुटि सुधार, भूल सुधार और किसी अन्य संशोधन हेतु कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा और न ही इसका अवसर दिया जाएगा। Online आवेदन में दी गई सूचना के आधार पर ही नियोजन की कार्रवाई की जाएगी।

09. चयन प्रक्रिया –दोनों परियोजना प्रबंधन इकाईयों के पदाधिकारियों का चयन Group Discussion तथा Personal Interview के आधार पर किया जायेगा।

10. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति बिहार के किसी भी जिले में की जा सकेगी।

11. कार्य अनुभव के प्रमाण स्वरूप नियुक्तिकर्ता द्वारा जारी सभी वेतन पर्ची/बैंक स्टेटमेंट को आधार माना जायेगा।

12. संविदा के आधार पर नियोजन की अवधि नियोजन की तिथि से दो वर्ष के लिए होगी जिसे आवश्यकतानुसार विस्तारित किया जा सकेगा। नियोजन अवधि विस्तार नहीं किए जाने की स्थिति में नियुक्ति की तिथि से दो वर्ष की समाप्ति पर यह नियोजन स्वतः समाप्त हो जायेगा और इसके लिए अलग से कोई सूचना/आदेश निर्गत नहीं किया जायेगा।

13. संविदा एकरारनामा–यह चयन संकल्प सं0–4864 दिनांक 05.09.2018 के आलोक में किया जायेगा। जिसकी प्रति विभागीय वेबसाईट http://fts.bih.nic.in/PRDPMU/ पर उपलब्ध है। संविदा शर्तों के अनुसार एकरारनामा राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई (SPMU) के पदों हेतु उप सचिव, पंचायती राज विभाग के साथ एवं जिला परियोजना प्रबंधन इकाई (DPMU) के पदों हेतु जिला पंचायत राज पदाधिकारी के साथ किया जायेगा।

14. संविदा आधारित नियोजन हेतु यह शपथ–पत्र उपलब्ध कराना होगा कि आवेदक किसी भी अन्य सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था में कार्यरत नहीं हैं तथा उनके विरूद्ध कोई आपराधिक मामला/विभागीय कार्यवाही लंबित नहीं है।

15. संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति न तो सरकारी सेवक माने जाएगे न सरकारी सेवकों को अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जाएगे। इस प्रकार नियोजित व्यक्ति द्वारा नियोजन के पश्चात् सरकारी सेवा में नियमितीकरण का दावा किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा। उनका नियोजन संकल्प सं0–4864 दिनांक 05.09.2018 के अधीन होगा।

3/6/19

(ब्रजनन्दन प्रसाद)
संयुक्त निदेशक(अनुश्रवण)